तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

11 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में बाल दिवस धूमधाम ...



10 किसी के दुख को देखकर हृदय द्रवित हो जाय यही ...





## खबर संक्षेप

### शक्कर कारखाना कर्मचारी संघ ने दी टूल डाउन हड़ताल की चेतावनी

**बालोद।** जय मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना कर्मचारी संघ के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि कर्मचारी विगत 15 वर्शो से शक्कर कारखाना मे कार्यरत है, कर्मचारियों ने कहा इस महंगाई के दौर में वेतन बहुत ही कम है, जिससे परिवार चलाने मे परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियो द्वारा निर्णय लिया गया कि वर्तमान वेतन में एकमुस्त 5 हजार की बढ़ोत्तरी की जाए। जिस संबंध में कारखाना प्रबंधन को पूर्व में पत्र व मौखिक रूप से अवगत कराया गया है, लेकिन आज दिनांक तक कोई सार्थक पहल नही किया गया है। कर्मचारी संघ ने कहा कि जिससे कर्मचारियो में आक्रोश है और यदि कारखाना प्रबंधन द्वारा 10 दिवस के भीतर उपरोक्त मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार नही किया जाता है तो कर्मचारी टूल डाउन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

### जिले में शुरू होगी निशुल्क जेईई-नीट कोचिंग

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के विशेष पहल पर जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले के 11वीं एवं 12वीं कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए शीघ्र ही प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से नीट एवं जेईई की सुविधा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में शिक्षा एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर पाकुरभाट स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में शीघ्र जेईई और नीट की कोचिंग की कक्षाएं प्रारंभ करने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लाईवलीहुड कॉलेज में अध्ययन कक्ष, छात्रवास, मेस आदि संचालन की समुचित व्यवस्था के अलावा सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर शीघ्र ही कोचिंग कक्षाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि जिले के जरूरतमंद विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा मिलने के साथ–साथ जिले के अधिक से अधिक बच्चे जेईई और नीट की परीक्षा में सफलता अर्जित कर सके। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने कोचिंग संचालन हेतु अध्ययन कक्ष की व्यवस्था के अलावा बच्चों के लिए बालक–बालिका छात्रवास निर्माण तथा छात्रवासों में पर्याप्त मात्र में गद्दे, पलंग आदि की उलपब्धता, शौचालय एवं स्नानागार की समुचित उपलब्धता तथा रसोई कक्ष एवं भोजन कक्ष आदि सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने पर्याप्त मात्र में फनऍचर आदि की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि कोचिंग हेतु कुल 100 बच्चों के चयन हेतु प्रथम चरण में बच्चों का स्क्रीनिंग टेस्ट कर लिया गया है।

# बालोद जिले में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

दिसंबर में होने वाले 108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ के लिए गायत्री परिवार जिला बालोद द्वारा शहर के गजानंद पोहामिल परिसर में भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले व अन्य जिलो के गायत्री परिवार से जुड़े महिला पुरुष पीले वस्त्र धारण कर भूमिपूजन कार्यक्रम मे पहुंचे।

भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिंनहा ने कहा कि बालोद शहर में होने वाला 108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ स्वर्ण अच्छर में लिखा जाएगा जो अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने भिलाई में हुए अश्वमेध यज्ञ का याद

**सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंत्रोच्चार**





दिलाते हुए कहा कि जिस प्रकार गरिमा मई यज्ञ भिलाई में हुई यादगार है उसी प्रकार यह यज्ञ भी यादगार रहेगी, पूरी तरह सफल होगी अपने मायके के गायत्री परिवार होने पर गर्व महसूस करती है। बालोद के गजानंद पोहा मिल के पास विशाल भूमि पर बालोद जिला गायत्री परिवार तथा छग और दुर्ग संभाग जॉन के प्रभारी तथा जनप्रतिनिधि काफी संख्या में उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग जॉन प्रभारी आदर्श वर्मा ने किया। विशेष अथिति दुर्ग संभाग केपी सिंह, महाप्राण, पवन साहू, गरियाबंद से जिला समन्वयक, दुर्ग सेलोकनाथ तथा अनेक पदाधिकारी गण मौजूद रहे। जिसका मंगल तिलक लगाकर तथा मंत्र पट्ट भेट ▸▸| शेष पेज 10 पर

## आयोजन : सांसद नाग ने समारोह स्थल का नामकरण करने की घोषणा की

# जनजाति गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के नगर पालिका परिसर स्थित सी मार्ट में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ सांसद नाग, विधायक सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर सांसद नाग एवं अतिथियों के द्वारा आदिवासी समाज के देव स्थलों एवं देवी–देवताओं तथा भगवान बिरसा मुंडा छत्तीसगढ़ महतारी, शहीद वीर नारायण सिंह के पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह में सांसद भोजराज नाग, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन ▸▸| शेष पेज 10 पर






### बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जन्म दिवस के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आर के देवांगन ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने संचालन करते हुए बताया कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म सन 1875 को झारखंड में हुआ था। उन्होंने जल- जंगल- जमीन और जनजातियों स्वाभिमान के लिए अनेक आंदोलन किए। जिसमें महा उग्र आंदोलन, उलगुलान जनजाति आंदोलन, खूंटकुट्टी आंदोलन प्रमुख है। इसके अलावा देश की आजादी के लिए भी आपने अंग्रेजों से लोहा



लिया। इस समर्पण के लिए लोग इनको धरती आबा तथा भगवान की उपाधि दी। मात्र 25 साल की उम्र में इन्होंने प्राण त्याग दिए। कक्षा 11वीं की पल्लवी, ललिता, निधि, दिव्या, देविका, हिमानी, मोनिका ने जनजाति गौरव पर एक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसका निर्देशन व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और अजय पाठक ने किया। साधना ने भाषण के माध्यम से अपने भाव प्रस्तुत किया। हेपशीबा एंथोनी और हर्षा देवांगन ने अपनी स्वरचित कविता का सस्वर पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य आर के देवांगन ने कहा कि बिरसा मुंडा ने सभी जनजातीय को गौरव दिलाया तथा ब्रिटिश उपनिवेश के खिलाफ आंदोलन करके अंग्रेजों ▸▸| शेष पेज 10 पर

## धमकाकर आनलाइन के माध्यम से युवक से 1,500 रुपये की लूट की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बालोद। शराब दुकान से लौट रहे दो युवकों के साथ मारपीट करते हुए दो अन्य युवकों ने ऑनलाइन माध्यम से पैसे लुट लिए। पीड़ित अजय ने घटना की शिकायत पुलिस चौकी में दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 308(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

■ शराब की बोतल गले में रखकर पैसे की मांग की

शिकायतकर्ता अजय ने बताया कि 12 नवंबर की शाम वह अपने साथी अजय कुमार सलाम के साथ मोटरसाइकिल से डौंडी शराब दुकान गया था। शाम करीब 5:30 बजे उन्हें दल्लीराजहरा के दो युवक मिले, जिन्होंने अपना नाम करण उडिया और सूरज बताया। दोनों उन्हें नाला पार ग्राम औराटोला की तरफ ले गए, जहाँ उन्होंने शराब और बीयर पी। इसी दौरान आरोपी करण उडिया ने शराब की बोतल तोड़कर पीड़ित के गले पर रख दी और पैसे की मांग करने लगा। इंकार करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसका साथी सूरज मोटरसाइकिल से चाकू निकालने की बात कहकर डराने लगा। भयभीत होकर पीड़ित ने अपने दोस्तों दीप पद्माकर और नरेन्द्र कुमार सलाम से फोन-पे के माध्यम से पैसे मांगे और कुल 1,500 रुपये जुटाए। करण उडिया ने अपने मोबाइल स्कैनर से पैसे ट्रांसफर करवाए, जिसके बाद दोनों आरोपियों ने पीड़ितों को मुख्य सड़क पर छोड़कर दल्लीराजहरा की ओर भाग निकले। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## जल संचयन जनभागीदारी में बालोद जिला देश में प्रथम, राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'जल संचयन जन भागीदारी' (जेएसजेबी 1.0) के तहत जोन 02 में शामिल बालोद जिला को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर बालोद जिले को 02 करोड़ रूपये का प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा।

■ अमृत सरोवर, स्टॉप डेम और रिचार्ज पिट जैसे कार्य बने सफलता का आधार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंगलवार 18 नवंबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह के अवसर पर 'जल संचयन जन भागीदारी' के अंतर्गत बालोद जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को सम्मानित करेंगी। जिले को प्राप्त हो रहे यह उलपब्धि बालोद जिले के लिए महत्वपूर्ण सौगात है।



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले को प्राप्त हो रहे इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित पूरे जिले वासियों के प्रति विनम्र आभार माना है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी वर्गों के लोगों तथा संपूर्ण जिले वासियों के सहयोग से जिले को यह उपलब्धि हासिल हो पाया है। जिन्होंने इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जल संरक्षण तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले में 'जल संचयन, जन भागीदारी' अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 01 लाख 06 हजार 677 नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही पूर्व निर्मित 30 हजार 849 जल स्त्रेतों में सामूहिक श्रम के माध्यम से मरम्मत एवं साफ सफाई की व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायतों के माध्यम से जल भराव वाले स्थानों का चिन्हांकन कर नवीन जल स्त्रेतों का निर्माण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के ▸▸| शेष पेज 10 पर

गंदे पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ा, सिंटेक्स टंकियों की सफाई में लापरवाही

## सरकारी विभागों की टंकियों की महीनों से सफाई नहीं, गंदे पानी से बीमारियों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर के डीएसपी के विभिन्न विभागों और आवासीय बिल्डिंगों के अलावा विद्यालय में और शहर के सरकारी विभागों में स्थापित सिंटेक्स पानी टंकियों की नियमित सफाई न किए जाने का मामला अब गंभीर स्वास्थ्य समस्या का रूप लेता जा रहा है। लंबे समय से कई विभागों की छतों और परिसर में लगी टंकियों की सफाई नहीं होने से दूषित पानी पीने की नौबत बन गई है। स्थानीय कर्मचारियों से लेकर आने वाले नागरिकों तक, सभी इसके असर से चिंतित हैं।

**कई विभागों की टंकियां महीनों से नहीं साफ लोगों ने जताई नाराजगी:** सूत्रों के मुताबिक दल्लीराजहरा के निम्न सरकारी विभागों में सिंटेक्स टंकियों की सफाई महीनों से नहीं की गई। नगर पालिका दल्लीराजहरा, डौडी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (गर्ल्स/ बॉयज), आईटीआई दल्लीराजहरा, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (एसडीएम ऑफिस) जनपद पंचायत कार्यालय,वन विभाग कार्यालय, लोक निर्माण विभाग कार्यालय, जल संसाधन विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भवन, कृषि विभाग कार्यालय की ▸▸| शेष पेज 10 पर





**नगर पालिका और विभागीय अधिकारियों पर उठ रहे सवाल**

स्थानीय लोगों में नाराजगी इस वजह से भी बढ़ी है कि कई विभागों को पानी टंकियों की सफाई और मेंटेनेंस के लिए बजट उपलब्ध रहता है, लेकिन उसका उपयोग नियमित नहीं किया जाता। कुछ विभागों में सफाई रिकॉर्ड तक अपडेट नहीं किया गया है।

**टंकियों की जांच के लिए टीम गठित कर रहे है भौतिक जांच होगी**

नगर पालिका दल्लीराजहरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर (सीएमओ ) ने इस मामले पर कहा कि शहर के सभी सरकारी विभागों में लगी सिंटेक्स टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के लिए पहले भी निर्देश जारी किए गए हैं। कुछ विभागों द्वारा पालन न किए जाने की जानकारी मिली है। नगर पालिका निरीक्षण टीम गठित कर रही है, जो सभी विभागों की टंकियों का भौतिक सत्यापन करेगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों को नोटिस जारी किया जाएगा। स्वच्छ पेयजल से किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ ) भूपेंद्र वाडेकर

## संत राम बालक दास ने दिया निमंत्रण

# जनवरी में पाटेश्वर धाम पहुंचेंगे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

दस दिवसीय सनातन एकता पदयात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के संत श्री राम बालक दास महात्यागी जी ने

■ रज्वलित धुनी व दक्षिण मुखी सिद्ध हनुमान मंदिर के लोकार्पण सहित भव्य आयोजन

दिल्ली में आयोजित सभा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर बाबा) से भेंट कर पाटेश्वर धाम, जिला बालोद आने का निमंत्रण दिया।

यह निमंत्रण उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से दिया, जिसे बागेश्वर बाबा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। सभा के दौरान होडल मंडी में आयोजित कार्यक्रम में संत राम बालक दास जी ने विश्व के प्रथम निर्माणाधीन मां कौशल्या धाम तथा जामड़ी पाटेश्वर धाम के दर्शन हेतु विशेष आग्रह व्यक्त किया। अपनी सहमति देते हुए बागेश्वर बाबा ने जनवरी 2026, मकर संक्रांति के आसपास पाटेश्वर धाम आगमन का आश्वासन दिया। संत राम बालक दास के साथ प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह, एवं संत समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे, पत्रकारों से चर्चा करते हुए संत श्री राम बालक दास जी ने बताया कि जनवरी 2026 में जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 50 वर्षों से अखंड जल रही धुनी के नए मंदिर व दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमान के नए मंदिर का लोकार्पण ,विश्व के प्रथम निर्माणाधीन मां कौशल्या धाम के दर्शन तथा ब्रह्मलीन राजयोगी बाबा जी को श्रद्धांजलि जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस अवसर पर देश के विशिष्ट संतगण व प्रतिष्ठित अतिथि भी शामिल होंगे। संत राम बालक दास ने बताया कि पाटेश्वर धाम में होने वाला यह आयोजन छत्तीसगढ़ के धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित होगा।





## इंडोर स्टेडियम व सामुदायिक भवनों की मांग पर राकेश ने उपमुख्यमंत्री साव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

संजारी बालोद विधानसभा के जनसेवक प्रत्याशी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने जिले के दौरे पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरूण साव से भेंट कर क्षेत्र के विकाश से जुड़े विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा।

राकेश यादव ने खेलो इंडिया के अंतर्गत शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद में इन्डोर स्टेडियम के निर्माण कार्य की स्वीकृति व अधोसंरचना मद से सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृति करने की मांग करते हुए बताया कि इससे जिले के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए सहायता मिलेगी। राकेश यादव ने मांग की है कि बालोद नगर के शा.



घनश्याम सिंह गुप्त पी.जी. कॉलेज में 3000 छात्र–छात्राएँ अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं इन्डोर खेलों में बैडमिंटन, कबड्डी आदि में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धाओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

इसलिए महाविद्यालय में खेल सुविधाओं का विस्तार करते हुए शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त पी.जी. महाविद्यालय, बालोद में खेलो इंडिया अंतर्गत इन्डोर स्टेडियम के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाए। वही अधोसंरचना मद से विभन्न समाज के लिए सामुदायिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृति करने की मांग की जिसमे प्रमुख रुप से जिला कोसरिया यादव समाज के लिए 25 लाख रूपये, जिला देवांगन समाज के लिए 25 लाख रूपये, जिला मरार समाज के लिए 25 लाख रूपये की मांग की सम्मिलित है। उन्होने कहा उपर्युक्त समाजों के सामुदायिक भवनों के निर्माण से सामाजिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों एवं सामुदायिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### विवि और महाविद्यालय को अब कार्यक्रमों के लिए लेनी होगी अनुमति

**भिलाई।** विश्वविद्यालय के रजिस्टारों एवं महाविद्यालयो के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत दिवस हुए घटना को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने के लिए सूचित किया। किसी भी आयोजन की अनुमति पूर्व से जिला प्रशासन से प्राप्त कर कार्यक्रम के पूर्व सूचना पुलिस को दे। एसएसपी विजय अग्रवाल व्दारा विश्वविद्यालय , महाविद्यालय परिसर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगाए, कार्यक्रम की सूचना पूर्व से दिए, छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी दिए जाए, नशा मुक्ति का पालन किए जाने और अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करे। पुलिस के इमरजेंसी मोबाईल फोन नम्बर से भी अवगत कराया जाए। अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल ने बताया विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उसकी अनिवार्य रूप से अनुमति अनुविभागीय दण्डाधिकारी से प्राप्त करे। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी ट्रैफिक सदानंद विंध्यराज , 70 कालेज के प्रचार्य भी मौजूद थे।

### अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट 17 से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल, आरक्षक नियम 2007 के नियम 12(1) के अनुरूप जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग प्रक्रिया वर्ष 2023-24 के अंतर्गत आरक्षक (चालक), आरक्षक (ट्रेडमेन) के अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक आयोजित कराया जाना है। पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के वे अभ्यर्थी जो आरक्षक ट्रेडमेन (चालक, टेंट खलासी, डीआर, कुक, स्वीपर, धोबी, नाई) के पदो के लिए आवेदन किए है। वे जो लिखित परीक्षा मे शामिल हुए है।

**प्रवचन : धन का अभिमान नहीं, संतोष ही सबसे बड़ा धन**

# किसी के दुख को देखकर हृदय द्रवित हो जाय यही मानव धर्म है: संत निरंजन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा





किसी को दुख न दे सबके दुख के साथी बने उपहासी नही। किसी को सांत्वना नही दे सकते तो उपहास करने का कोई अधिकार नही। आज इंसानों के अंदर की इंसानियत लुप्त होते जा रही है, आज लोग इंसानों से ज्यादा पशुओं से प्रेम कर रहे। यह सत्य है कि सभी मे ईश्वर का वास है लेकिन इंसान का त्याग कर पशुओं से प्रेम करना यह उचीत नही सभी को सम भाव से देखे। किसी के दुःख को देखकर अगर हमारा हृदय द्रवित हो गया, यही मानवता धर्म है जो दूसरे के दुख में हमारा मन संतप्त हो इसे ही इंसानियत कहा गया है, लेकिन आज की स्थिति तो यह है कि एक बैल मरा पड़ा है तो दूसरा बैल घास खाते खड़ा है। आज लोगो को किसी से कोई मतलब नही। सबसे मिलजुल कर जीवन को जिये ।

उक्त संदेस श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली भिलाई जिला दुर्ग आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय इतिहास, और परीक्षित मोक्ष की कथा पर सुंदर संदेस देते हुए प्रवचनकर्ता छत्तीसगढ़ के यशश्वी संत सद्गुरु संत श्री निरंजन महाराज श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा। आगे संत श्री ने कहा सुदामा जी गरीब नही सुदामा जी से बड़ा धनवान कोई नही है, सुदामा जी के पास सन्तोष रूपी धन था। जिसका कभी अंत नही हो सकता, तभी तो सुदामा भगवान के द्वार पर मांगने नही अपितु देने गए थे, हम जीव तो भगवान के द्वार केवल मांगने हेतु ही जाते है। लेकिन धन्य है सुदामा के भाव को जो भगवान से मांगे नही बल्कि चार मुट्ठी चांवल का भोग लगा आये।

गरीबी मानव जीवन का अभिशाप है जहां पदार्थ भी अपने रूप को परिवर्तित कर देता है गरीब के गले का स्वर्ण पीतल और धनवान के गले का पीतल स्वर्ण बन जाता है। ऐसे धन का कभी अभिमान न करे, धनाभिमानी न बने बल्कि अपने परमधन श्रीराम चरणारविन्द को पहचाने।

आगे संत श्री जी ने कहा जीवन की नैया को संसार सागर से पार लगाने हेतु गुरु दीक्षा आवश्यक है, गुरु शरण ही जीवन के आये संताप को दूर कर मुक्ति के मार्ग में प्रशस्त करता है, जहां से भी ज्ञान मिले वही गुरु है चाहे वह जड़ पदार्थ ही क्यों न हो सभी गुरु है दत्तात्रेय जी ने प्रकृति से 24 गुरु का निर्माण किये दीक्षा के गुरु एक लेकिन शिक्षा के गुरु अनेक। राजा परीक्षित भागवत की कथा श्रवण कर जीवन मुक्ति को प्राप्त किये। कथा निवेदन के बाद तुलसी वर्षा सहस्त्र नाम पाठ के द्वारा सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी आयोजक हरिशंकर साहू, गायत्री साहू, आशीष साहू, नीलम साहू ने बताया आज गीता सार भाव, हवन पुर्णाहुति कपिला तर्पण, सहस्त्र धारा स्नान के साथ कथा का विश्राम होगा।

## श्रीमद् भागवत कथा में संत निरंजन महाराज ने दी जीवन सुधार और आध्यात्मिक जागरण की सीख



श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली भिलाई जिला दुर्ग छ. ग. में साहू परिवार के तत्वाधान में भागवत महापुराण की कथा के माध्यम से मानव जीवन मे प्रवृति का चिंतन करना है। आज के परिवेश में हर कोई दूसरे को सुधारने के लिए आगे रहता है लेकिन अपने आप को नही सुधारता, जिस दिन व्यक्ति अपने आप को सुधार ले तो समूचे राष्ट्र से हो रहे आपराधिक कार्यों पर अंकुश लग जायेगा।

अपने व्यक्तित्व को निखारने से मानव जीवन का सौंदर्यीकरण हो जाएगा। मन को निर्मल करे तन अपने आप ही निर्मल हो जायेगा, मानसिकता को परिवर्तित करना होगा तभी जीवन सुदृढ रूप से चल सकती है। उक्त संदेस श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली भिलाई जिला दुर्ग छ. ग. में साहू परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन लीला ,रास लीला, कंसवध, रूखमणी विवाह की कथा पर आध्यात्मिक विवेचन करते हुए प्रवचनकर्ता सद्गुरु संत श्री निरंजन महाराज जी श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा। संत श्री ने आगे कहा जीवन का सुख दुख दोनो झूठा है सुख दुख धूप और छांव की भांति है जो पल भर में परिवर्तित होते रहती है इसलिए दोनों से ऊपर उठकर सब कुछ परमात्मा के हाथों सौप दे।

आगे संत श्री जी ने कहा आज भारत देश के अंदर गौ वध किया जा रहा है जो कि भारत माँ की माटी पर कलंक साबित हो रहा है एक माँ के ऊपर रहकर एक माँ का वध करना बहुत ही अशोभनीय है। गौ समूचे राष्ट्र की माता है गौ माता का पालन हो वध नही। भगवान ने भी गौपालन कर गोपाल कहलाये। हर घर मे एक गौ माता का पालन हो। गौ माता के अंदर तैतीस कोटि देवी देवताओं का साक्षित्व होता है गौ माता की सेवा करने से तैतीस कोटि देवी देवता प्रसन्न होते है। गो वंश का वर्धन करना ही गोवर्धन लीला का सार भाव है । रास लीला का भाव जीवन के श्वास से है प्रभु प्रदत्त श्वास की कड़ियाँ एक साथ सभी के अंदर प्रवाहित होना ही मानव जीवन मे प्रभु के द्वारा किया जा रहा रास है, जीव के एकत्व भाव को परिलक्षित करता है रास लीला। ईश्वर और जीव में कोई भेद नही दोनो एक ही है जीव का बिना परमात्मा के अलग से कोई अस्तित्व नही है । आगे महाराज श्री जी ने कहा रूखमणी मंगल की कथा जीवन मंगल की कथा है जो भी कुंवारी कन्या रूखमणी मंगल की कथा सुनती है तो उसे श्री कृष्ण जैसा सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है । आयोजक परिवार के द्वारा रूखमणी कृष्ण की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई जिसे देख समस्त श्रोता भाव विभोर होकर विवाह के मंगल गीतों पर नृत्य करके रूखमणी विवाह सानन्द सम्पन्न हुआ।



# धान खरीदी के लिए समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों को दिया गया गहन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। इसके अंतर्गत आज जिले के सभी 143 धान उपार्जन केन्द्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नियुक्त किए गए सभी समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित प्रशिक्षण के दौरान गहन प्रशिक्षण दिया गया। जिससे कि जिले में बिना किसी अवरोध के सुचारू रूप से धान खरीदी का कार्य संपन्न हो सके। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान समिति प्रबंधकों को तथा कम्प्यूटर ऑपरेटरों को समिति मॉड्यूल का सुक्ष्मता से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नवनियुक्त समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों को समिति माड्यूल के प्रशिक्षण के विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान की वहन सहित फोटो अपलोड करने तथा गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा नए एवं पुराने बारदानों में खरीदी गऐ धान का प्रविष्टि की जानकारी के अलावा आवक–जावक गेट पास जारी करने की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान समिति प्रबंधकों को एवं कम्प्यूटर ऑपरेटारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले तथा दोषी अधिकारी–कर्मचारी के खिलाफ एस्मा तथा सिविल सेवा आचरण नियम के उल्लेखित प्रावधनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों को धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु आने वाले किसानों को शुद्ध पेयजल, समुचित छांव की व्यवस्था, शौचालय आदि सभी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्हें सभी जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

- किसानों की सुविधा सर्वोपरि- प्रबंधकों को पेयजल, छांव, शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

### भाजपा चरोदा मंडल ने मनाया विजय उत्सव

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी चरोदा मंडल द्वारा बिहार चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर विजय उत्सव मनाकर पटाखे फोड़ कर मिठाइयां वितरण किया। मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्तव में आयोजन हुआ। गौरीशंकर ने कहा कि बिहार की जनता मोदी के विकास पर वोट देकर जीत दिलाई है। इस दौरान वरिष्ठ बाजपेई, के विश्वनाथन, महामंत्री राजेश मौर्या,परमजीत सिंह, जी राम रेड्डी, डी वेंकट, टी रमन, सुशील यादव, मलय बनर्जी, विष्णु अग्रवाल, एम अरुण, प्रसून बनर्जी, महेश तिवारी, लोहा दास समेत रेचल मसीह,आशा यादव, वेद प्रकाश पांडे, गीता साहू समेत सैकड़ों की संख्या में कार्याकर्ता मौजूद थे।

## बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेताओं ने मनाया जोशीला जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत के बाद दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- भाजपा कार्यालय में मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया है। विपक्ष ने चुनाव में कई तरह के प्रचार और भ्रम फैलाने की कोशिश की, लेकिन मतदाताओं ने इसे नजरअंदाज करते हुए भाजपा नीत गठबंधन पर भरोसा जारी रखा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याण योजनाओं ने लोगों के जीवन में बदलाव लाया है। इसी भरोसे ने एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि पूरे चुनाव अभियान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री, विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मेहनत की। इसी टीमवर्क ने बिहार में एनडीए की जीत को मजबूत बनाया। उन्होंने बिहार की जनता और भाजपा परिवार को धन्यवाद दिया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भी जीत पर खुशी जताई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, हर्षा चंद्राकर, राजीव पांडेय, जिला मंत्री गायत्री वर्मा, सह कोषाध्यक्ष ध्रुव सचदेव, कार्यालय मंत्री सैयद आसिफ अली, सह कार्यालय मंत्री राहुल पंडित, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया आदि मौजूद थे।

## नकली पुलिस बनकर लूटपाट चोरी करने वाले गिरफ्तार



भिलाई। नकली पुलिस बनकर घर में चोरी-लूटपाट करने वाले ईरानी गैंग को उतई पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम मर्रा निवासी टामिन बंजारे ने 4 नवंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई। दो अज्ञात व्यक्ति सिविल ड्रेस में उनके घर पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताकर परिवार पर ड्रग्स, गांजा बेचने का आरोप लगाया था। घर की तलाशी लेने का बहाने आरोपियों ने अलमारी से सोने का मंगलसूत्र, पायल, बिछिया अन्य जेवरात लेकर फरार हो गए थे। टीआई महेश घ्रुव समेत उनकी टीम ने सीसी कैमरे से आरोपियों को खोज निकाला। फुटेज में एक संदिग्ध स्कूटी और दो युवक दिख रहे थे। रायपुर क्राइम ब्रांच की मदद से दोनों आरोपियों का शिनाख्त ईरानी गैंग के सदस्य के रूप में हुई। दोनों आरोपी वार्ड 7 पड़ंरी रायपुर निवासी मिस्कीन अली, टेकरी रोड रायपुर महवाल अली को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सोने-चांदी के जेवरात को रायपुर के हलवाई लाइन स्थित ज्वेलर्स शॉप में बेचकर 66 हजार रुपए आपस में बांट लिए थे। बिना नंबर वाली स्कूटी 50 हजार, मोबाइल, 70 हजार के जेवरत, नगद 20 हजार जब्त किया। सोने का एक मंगलसूत्र को आरोपी मिस्कीन अली के घर से जब्त किया गया। आरोपियों ने माह अक्टूबर महीने में रिसाली सेक्टर भिलाई, मैत्री नगर, गाड़ाडीह में भी लूट किया था।

## सांसद, विधायक, प्रभारी सचिव, कमिश्नर एवं कलेक्टर ने ली धान खरीदी की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



प्रदेश के साथ-साथ शनिवार से दुर्ग जिले में किसानों का महापर्व धान खरीदी तिहार प्रारम्भ हो गया है। सहकारी समिति मर्यादित चंदखुरी में सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के आतिथ्य एवं जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि वोरा, कमिश्नर एस.एन. राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। सांसद, विधायक एवं अधिकारियों ने उपार्जन केंद्र में छत्तीसगढ़ महतारी और भगवान बलराम के छाया चित्र, तौल यंत्र का पूजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलित व श्रीफल तोड़कर किसानों से धान खरीदी प्रारंभ किए। उपार्जन केंद्र चंदखुरी में किसान राजेन्द्र चंद्राकर, अखिल कुमार, भानु प्रताप, भगोलीराम, ओमप्रकाश और विश्वनाथ से 507.86 क्विंटल धान की खरीदी की गई। विजय बघेल ने कहा कि सरकार द्वारा भुइया के भगवान किसान के लिए बनाए गए योजना के तहत धान खरीदी का शुभारंभ किए है। उन्होंने सभी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कि योजनाएं किसान हित में है। किसान की प्रगति के साथ देश और प्रदेश की विकास जुड़ा है। सरकार जो कहती है उसे पूरा करती है। इस अवसर पर एडीएम अभिषेक अग्रवाल, एस डी एम हरवंश सिंह मिरी एवं अन्य अधिकारीगण, समिति प्रबंधक किरण साहू, सरपंच कविता ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनायक ताम्रकार, सोसाइटी अध्यक्ष डोमेन्द्र चंद्राकर, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच कविता ठाकुर, सरपंच योगिता यादव, योगेन्द्र दिल्लीवार, भूपेन्द्र साहू, सरपंच कोनारी गुजेश्वरी साहू, खेमलाल चंद्राकर, टीकम चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### सिंटरिंग प्लांट-तीन में बिछी सीओ गैस की नई पाइप लाइन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटरिंग प्लांट-3 क्षेत्र में मशीन-2 के लिए 600 मिमी व्यास की नई वैकल्पिक सीओ गैस लाइन का उद्घाटन शनिवार को कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (एम एंड यू) बीके बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) पीके सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक (ओएचपी एवं एसपी-3) सजीव वर्गीज़ उपस्थित थे। मशीन-2 में लंबे समय से गैस सप्लाई के दौरान फ्रीक्वेंट चोकिंग, अनियमित गैस फ्लो तथा लो प्रेशर जैसी समस्याएं देखी जा रही थीं। इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए 600 मिमी व्यास की यह नई सीओ गैस लाइन को बनाया गया।

**पेज 9 के शेष**

### बालोद जिले में 108 कुंडी ...

कर स्वागत किया गया। मंत्रेच्चार से देवस्थापना रोशन पुजारी ने कराया बाद में चंपेश्वर की संगीत टोली ने संगीतमय हवन और भूमि पूजन आरती आदि सम्पन्न कराया। इस अवसर पर आदर्श वर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को गिद्ध और गिलहरी और हनुमान बन कर देव प्रेरणा से होने वाले यज्ञ में अपनी ऊर्जा शक्ति लगाकर सफलता तक ले जावे। पवन साहू ने नारी शक्ति और दधीचि, भामाशाह, ऋषियों की सेवा की चर्चा करते हुए 2025 को शताब्दी वर्ष बताया जिसमें अहिल्या बाई, सरदार पटेल, गुरु श्रीराम शर्मा के साधना वर्ष गुरु माता और अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष की याद दिलाया। निर्मलकर ने छत्तीसगढ़ की माटी को चंदन शूरवीर की धरती बताया गायत्री शूरवीर इस महा यज्ञ को सफल बनाने कहा,आंदोलन युग निर्माण को सतत जारी रखने कहा।

एसपी सिंह ने इस यज्ञ को सफल बनाने के अनेक उपाय बताए यज्ञ में ज्यादा दीक्षा संस्कार करने वाले को जोड़ने कमसे कम 500 नए सदस्य बनाने पर बल दिया सभी कार्यकर्ता को समर्पण अर्थात गुरु कार्य के लिए अपनी हस्ती मिटा दे ऐसा कार्य करना चाहिए। भोलेश्वर सिन्हा ने महिला और पुरुष वर्ग के कार्यों का विभाजन आपसी तालमेल बनाने की बात कहा अंत जिला समन्वयक अठनागर ने आभार व्यक्त किया। यज्ञ के मुख्य यजमान श्यामलाल पटेल सपत्नीक रहे सभी ने वेल जी भाई पटेल की सहयोग की सराहना किए। कार्यक्रम का संचालन कमल साव ने किया और दशरथ कलिहारी ने यज्ञ आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया।

### जनजाति गौरव दिवस पर ...

साहू, राज्य बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व विधायक आरके राय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुखों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग विजय कंवर शाहिद बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वंदे मातरम गीत की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को भी सुना। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद नाग ने कार्यक्रम स्थल का नामकरण भगवान बिरसा मुंडा के नाम से करने की घोषणा भी की।

### बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती ....

की जड़ें दिला दी। इनको सम्मान देने के लिए आज बिरसा मुंडा के नाम पर अनेक योजनाएं संचालित की जाती है तथा छात्रवृतियां दी जाती है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक ने की। इस अवसर पर टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, कुंदन यादव एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जल संचयन जनभागीदारी ...

तहत निर्मित आवासों में 10 हजार वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। वन क्षेत्र में जल संरचनाओं के साथ मृदा एवं जल संरक्षण के कार्य अंतर्गत 03 लाख 88 हजार पौधरोपण किया गया। जिले में इस अभियान से प्रेरित होकर ग्रामीणों द्वारा स्वप्रेरणा एवं निजी राशि से 27 हजार से अधिक घरों में सोकपिट संरचना का निर्माण किया गया है। इसके अलावा जिले में 01 लाख 09 हजार 0273 स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 140 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। जिले में 01 हजार 944 सामुदायिक तालाब, 06 हजार 160 निजी डबरी, तालाब निर्माण किया गया है। जिले में 399 मिनी परकुलेशन टैंक, 06 हजार 614 लूज बोल्डर चेक डेम, 672 नदियों का पुनरूद्धार किया गया है।

ले में 69 स्टॉप डेम, 316 गेबियन चेक डेम, 423 कुंआ का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 44 हजार 49 वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। उपरोक्त सभी कार्यों के फलस्वरूप भारत सरकार के सभी मानको के आकलन के आधार पर बालोद जिले को प्रथम स्थान अर्जित होने पर यह महत्वपूर्ण सौगात मिलने वाला है।

### सरकारी विभागों की टंकियां ....

सफाई नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग/शहरी स्वास्थ्य इकाईः मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र, पुलिस थाना परिसर की टंकियां, आंगनबाड़ी केंद्र (कई वार्डों में)इन विभागों में कर्मचारी और आगंतुक लोग नियमित रूप से पानी का उपयोग करते हैं, लेकिन टंकियों के रखरखाव की व्यवस्था लगभग न के बराबर है।

टंकियों में कई, कीड़े-मकोड़े और बदबू - स्वास्थ्य जोखिम बढ़ाः स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि टंकियों में हरे रंग की काई जमी रहती है, ढक्कन टूटे होने से धूल और पक्षियों के पंख गिर जाते हैं, कई जगह कीड़े-मकोड़े और मच्छरों के लार्वा पाए जाते हैं,पानी में बदबू आने लगी है।

शहीद अस्पताल के वरिष्ठ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डाक्टर शैबाल जाना बताते हैं कि ऐसे पानी से टाइफाइड, डायरिया, हैजा, स्किन इन्फेक्शन, पेट संबंधी संक्रमण, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है।

**स्कूलों में स्थिति और चिंताजनकः** विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को इसी टंकी का पानी पीने को मिलता है। कई अभिभावकों ने शिकायत की है कि साफ पानी की व्यवस्था न होने से बच्चों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है। कई बार पानी पीते ही पेट दर्द या उल्टी की शिकायत हो जाती है।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी में कंस्ट्रक्शन के दौरान हुए हादसे में श्रमिक की मौत

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में भीषण हादसा सामने आया है। हादसे में मजदूर की ऊंचाई से गिरने के बाद मौत हो गई। खून से लथपथ लाश को सेक्टर 9 हॉस्पिटल की मरच्यूरी में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद इसे परिजनों को सौंपा जाएगा। मजदूर के परिजनों और यूनियनों ने मुआवजा और नौकरी को लेकर बीएसपी प्रबंधन से मांग की है। जानकारी के मुताबिक बीएसपी के एसएमएस 2 में प्रोजेक्ट बिल्डिंग बन रही है। यहां मेकॉन कंपनी के अधीन निर्माण कार्य चल रहा है। पेटी ठेकेदार एम मोहन के अधीन 43 वर्षीय देवेंद्र चंद्राकर काम कर रहे थे। कंस्ट्रक्शन के लिए एक ट्रॉली लगाई गई थी, जो सामान ऊपर पहुंचाता है। इसी बेंच पर मजदूर ने अपना सेफ्टी हार्नेस फंसा दिया गया था। स्ट्रक्चर टूटते ही मजदूर भी नीचे आ गया। जमीन पर गिरकर मौत हो गई। ऊपरी मंजिल तक ईट ले जाने वाले स्ट्रक्चर टूटने से हादसा हुआ। इसकी चपेट में आने से मजदूर को गहरी चोट लगी। उसे उपचार के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत, अपराध दर्ज

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि वार्ड 4 राजीव नगर दुर्ग निवासी देवेश अग्रवाल स्कूटी से घर से घूमने निकले थे। पोटिया चौक से पुलगांव चौक के बीच फर्नीचर दुकान के पास अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। हादसे देवेश की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। देवेश का विवाह दो साल पहले ही हुआ था। उनकी 11 माह की एक बेटी भी है। परिजनों के मुताबिक देवेश 13 नवंबर की रात करीब 8 बजे घर से निकला था। रात 9 बजे के आसपास उनकी परिवार से बातचीत भी हुई थी। एक घंटे बाद परिजनों ने उन्हें फोन किया तो मोबाइल ऑफ मिला। फोन नहीं लगने पर परिजन परेशान हो गए। परिजन उसे खोजना शुरु किया जानकारी नहीं मिल पाई। करीब घटना की रात 12 बजे अस्पताल से पुलगांव पुलिस का कॉल आया। घटना की जानकारी हो पाई।

### देश की आजादी में आदिवासियों की रही अहम भूमिका, डाला प्रकाश

**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एके झा ने कहा कि बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और जन नायक थे। भारत के आदिवासी समुदाय का एक गौरवशाली इतिहास रहा है और इस समुदाय ने आजादी में अहम भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि धरती आबा के रूप में पूजनीय बिरसा मुंडा का धरती और जड़ों के प्रति अगाध प्रेम और सम्मान था, आज जब हम उनकी जयंती गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं इस महान व्यक्तित्व के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हैं।

### प्रीमियर लीग सीजन 1 का हुआ आगाज, कई टीमों ने लिया हिस्सा

**भिलाई।** श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर द्वार सिंधी फैमिली प्रीमियर लीग सीजन 1 का शानदार आगाज़ वैशाली नगर टीन्स क्लब में भव्य उद्घाटन के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन, श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर के अध्यक्ष दिलीप पवनी, सेक्टर 4 अध्यक्ष राकेश नागदेव, भिलाई 3 अध्यक्ष शमन दास, हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र कृष्णानी, दुर्ग सिंधी समाज अध्यक्ष अटल गोधवानी, पावर हाउस अध्यक्ष मनोज मखीजा और हाउसिंग बोर्ड महिला विंग की सदस्याएं भी उपस्थित थी। दुर्ग-भिलाई में पहली बार आयोजित सिंधी फैमिली प्रीमियर लीग सीजन 1 में सिंधी समाज के सभी परिवार को लेकर क्रिकेट की योजना बनाई गई।

## आयोजन : बाल मेले, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाया उत्सव का उल्लास

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बाल मेला, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा बच्चों का सम्मान जैसे आकर्षक आयोजन शामिल रहे। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लगभग 700 बच्चों, अतिथियों तथा ग्रामीणजनों को भोजन परोसा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगवती नूतन उईके (जनपद सदस्य) तथा विशेष अतिथि तेज प्रकाश मंडावी (सरपंच), गोमती साहू, त्रिवेणी साहू, बबीता ठाकुर, पुनीत ठाकुर, अमनेश्वर पंचगण उपस्थित रहे। वहीं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति से कश्चित साहू, कुमार हिरवानी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य फत्ते राम कोसरिया ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के स्वागत एवं सम्मान तथा उन पर फूल वर्षा के साथ की गई। अतिथियों ने बाल मेले का शुभारंभ किया, जहां बच्चों द्वारा बनाए गए छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का सभी ने आनंद लिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में जलेबी दौड़, बैलून फुलाना, मटका फोड़, रस्साकशी एवं स्लो साइकिल रेस का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल दिवस का विशेष आकर्षण राउत नाचा तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। कार्यक्रम के विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

प्राचार्य फत्ते राम कोसरिया ने बाल दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को लक्ष्य निर्धारण एवं निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ व्याख्याता सी.एल. सिन्हा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी परीक्षाओं की रूपरेखा से अवगत कराया। मंच संचालन व्याख्याता एन.डी. बघेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।







## पीएमश्री स्कूल में हुआ एफएलएन मेला



**अंडा।** श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में एफ एल एन मेला आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरूप यह मेला आयोजित किया गया।मेला में बच्चों की गणितीय समझ एवं भाषा समझ की अवधारणा पर आधारित माडल, चित्र चार्ट, अन्य चार्ट बनाया गया।इस गतिविधियों को बच्चे खुद करके विस्तार से जानकारी पालकों को दिया गया।यह मेला कक्षा 1 से 5तक के लिए लगाया गया था। इसमें हिन्दी के 7 स्टाल गणित के 10 स्टाल, अंग्रेजी के 5 स्टाल लगाया गया था। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा पवन चक्की से बिजली पैदा करने का माडल और पेट्रोल पंप का माडल बनाया गया जो बहुत आकर्षक रहा। इस मेला में निरीक्षण करने संकुल प्राचार्य भी गंगराले ने अवलोकन कर शिक्षकों एवं बच्चों की तारीफ किया और उसने बच्चों के लिए लाभकारी बताया गया। संकुल समन्वयक उषा सिन्हा ने बच्चो की इस उपलब्धि की सराहना की। हिन्दी और गणित को सीखने सिखाने के लिए बहुत अच्छा प्लेटफार्म बताया गया। गांव के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार ने बच्चो द्वारा प्रदर्शन को बारीकी से जाना, बच्चों से सवाल पूछना, गतिविधि कराना, जोड़ - घटाव से संबंधित स्टाल का अवलोकन कर सभी छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोती मार्कण्डे ने सभी स्टालो में जाकर बच्चो से विषय से संबंधित प्रश्न कर उत्तर जाना। उन्होंने बच्चों की मेहनत की तारीफ किया। पीएम श्री शाला के अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू ने सभी बच्चों के पास जाकर चर्चा किया।इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्राम पंचायत के पंचगण के साथ साथ पालक भी उपस्थित थे।

> ■ एफएलएन मेला, बच्चों की रचनात्मकता और सीख का उत्कृष्ट प्रदर्शन

इस कार्यक्रम में ललित बाई साहू, ललिता गजपाल,भामिनी राज, स्मृति सोनी, यशवंत साहू, गोदावरी देवांगन,बीना देवांगन, प्रीति माला देवांगन, ज्योति गजपाल,रमेश गजपाल, गुंजा साहू, दिनेश देशमुख,नेमा देवांगन आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर ने सभी पालकों, शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शाला परिवार से नरेश गायकवाड़,विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, अंजू साहू, मनोरमा हालदार, खिलेन्द्र कुमार यादव ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

## लमती स्कूल में मनाया एफएलएन मेला व बाल दिवस



**डौंडीलोहारा।** बाल दिवस के शुभ अवसर पर दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला लमती में एफ एल एन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान) मेला का आयोजन किया गया। जिसका थीम था करके देखबो सीख के रहिबो जिसके अंतर्गत हिंदी, गणित, अंग्रेजी विषयों का टीएलएम आधारित स्टॉल लगाया गया था। स्टाल प्रभारी चौथी एवं पांचवी के बच्चों को बनाया गया था। इस एफ एल एन मेला का मुख्य उद्देश्य कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी के बच्चों का हिंदी विषय में स्तर अनुरूप बुनियादी शिक्षा प्राप्त करना एवं गणित विषय में स्तर अनुरूप संख्या ज्ञान प्राप्त करना था। जिसमें बच्चे उत्साहित होकर स्वयं सभी स्टालों में जाकर प्रदर्शित सहायक सामग्रियों के माध्यम से गतिविधियां करके सीखते गए और अपनी समझ को मजबूत बनाते गए। जिससे बच्चों ने बहुत अच्छी ढंग से करके देखबो सीख के रहिबो थीम को पुरा करते नजर आये है। इस मेला में संस्था में पदस्थ प्रधानपाठक भगवती प्रसाद आमदो, सहायक शिक्षक चूड़ामणी ठाकुर आयोजक रहे। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं पालकगण प्रत्यक्षदर्शी एवं सहभागी रहे।



## धनगांव स्कूल में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय धनगांव संकुल डौंडीलोहारा में 14 नवंबर को एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा एवं पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सहायक शिक्षक विशंभर सिंह बगमरिया ने बताया कि 22 स्टॉल लगाए गए थे। 6 हिन्दी,6 गणित, 6 अंग्रेजी, 4 बालवाड़ी का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 3 तथा बालवाड़ी के बच्चों को भी गतिविधियों में भाग लिया । जादू की पोटली, मौखिक भाषा विकास, अंगुली फिराओ शब्द बनाओ, जोड़ मशीन, इकाई दहाई की समझ बनाना, संख्या पहचान, रंगों की पहचान, ध्वनि पहचान, वर्णमाला की पहचान, अल्फाबेट गतिविधियां कराई गई। एफ एल एन मेला के सुअवसर पर सहायक शिक्षक धनेश्वरी सोनवानी ने प्रधानमंत्री शक्ति पोषण योजना के तहत न्योता भोज कराया जिसमें खीर, पुड़ी, और जिमीकंद की सब्जी खिलाया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक विद्यावती साहू, विशंभर सिंह बगमरिया सहायक शिक्षक, धनेश्वरी सोनवानी सहायक शिक्षक, नेतराम पटेल सहायक शिक्षक, एस एम सी अध्यक्ष अवध गिरी गोस्वामी,उपाध्यक्ष मलेश पटेल, शिक्षाविद चनाब तथा पालकों की उपस्थिति रही।




## बाल दिवस में हुआ विविध कार्यक्रम






**बालोद।** बाल दिवस के अवसर पर गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम माहुद बी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के बच्चों ने अनेक प्रस्तुतियां दी जिसमें रंगोली, अनेक व्यंजनों के स्टॉल तथा विज्ञान प्रदर्शनी शामिल हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने बच्चों की प्रतिभा की खुलकर सराहना की और उन्हें बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने बच्चों को देश का भविष्य बताया और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए खूब मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को जीवन में अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## बिरेतरा शाला में बाल दिवस पर एफएलएन मेला आयोजित

**लाटाबोड़।** प्राथमिक माध्यमिक शाला बिरेतरा मे 14 नवंबर को बाल दिवस की शुभ अवसर पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान सभी बच्चे शत प्रतिशत सीख सके इसके लिए एक एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। जो बच्चों के लिए खुद से खुद करके सीखने और स्वतंत्र सीखने का अच्छा वातावरण निर्मित करता है। इस कार्यक्रम उपस्थित मुख्य अतिथि सरपंच टेमन लाल साहू संकुल प्राचार्य एन.के. मंडावी व्याख्याता देशमुख साहू यादव सर प्रधान पाठक एस ठाकुर सर पीके साहू सर मंजूलता साहू प्रीति पटेल समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक स्टाफ हायर सेकेंडरी स्कूल स्टाफ शाला प्रबंधन समिति समस्त पालकगण विजय साहू मलेश सेन, प्रहलाद यादव नवल किशोर, थानेश्वर साहू ललित बाई साहू ललेशवरीसाहू, सेवंतीबाई यादव प्राथमिक माध्यमिक हायर सेकेंडरी शाला के बच्चे सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 2026 तक कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को बुनियादी साक्षरता संख्या ज्ञान होनी चाहिए। इसलिए बुनियादी साक्षरता संख्या ज्ञान स्टॉल लगाकर खुद से के सीखने का हर बच्चे को हम शत सीख एफएल के लक्ष्य को पा सके इसलिए ऐसा मेला जहां बच्चे स्वतंत्र रूप से खुद करके सीखें ऑटो मोड संचालित एक स्टॉल एक अवधारणा बच्चों के द्वारा बच्चों के लिए संचालित स्टॉल हो हिंदी गणित अंग्रेजी अवधारणा को सीखना हर बच्चा के लक्ष्य को प्राप्त कर सके संकुल प्राचार्य ने कहा बहुत बढ़िया एफएलएन मेला हैं। सभी बच्चे खुद करके सीख रहे हैं पालक को अधिक से अधिक शाला से जुड़ने और अपने बच्चोंके लिए कहा था कि हम शत प्रतिशत बच्चों को सीख सकें टेमन लाल साहू ने कहा सभी पालक अपने बच्चों के लिए जरूर स्कूल आए। ताकि आपका बच्चा अच्छा व्यवहार अच्छा ज्ञान और अच्छे समझ के साथ पढ़ सके लिख सके समझ सके इस मेला को बच्चों के लिए हमेशा करते रहे हैं। ताकि हर बच्चा सीख सके इस कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पालक समस्त शाला प्रबंधन समिति समस्त शिक्षक सभी बच्चे हर्षोल्लाह के साथ इस मेला का आनंद लिया और बच्चों ने कहा यह मिला कुछ अलग और सीखने का मेला था।

> ■ बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान के लिए बिरेतरा में शिक्षण मेला हुआ

# भाठागांव आर में हर्षोल्लास से मनाया बाल दिवस

**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाठागांव आर में बाल दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रधानपाठक वेदप्रकाश यदु द्वारा भेंट किए गए छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधान पाठक प्राथमिक शाला भाठागांव आर वेदप्रकाश यदु थे। अध्यक्षता अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति कृष्ण कुमार साहू ने किया। विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद लेखराम साहू, जनपद सदस्य कौशल किशोर, सरपंच रुपेश्वर यादव, प्राचार्य शेष नारायण वर्मा ने पूजा अर्चना करके किया। अतिथियों ने बाल मेला का निरिक्षण किया और ब्यंजनों का लुफ्त उठाया। अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य शेषनारायण वर्मा ने बताता कि वेद प्रकश यदु जी पिछले वर्ष सेवनिवृत्त हों चुके है किन्तु स्कूल कि प्रति उनका लगाव हमेशा रहा है जो इस बात से भी पुष्टि होती है कि उन्होंने प्रथम नियुक्त शाला प्राथमिक शाला पांगारी में भी छत्तीसगढ़ महतारी का आदम कद मूर्ति प्रदान किये। इसी तरह प्राथमिक शाला जारवाय, प्राथमिक शाला जोरातराई और हायर सेकेंडरी स्कुल डोंगीतराई और प्राथमिक शाला भाठागांव जहां से वे सेवनिंवृत्त हुए वहां भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी का आदम कद मूर्ति स्थापित करवाये। अध्यक्षता कर रहे कृष्ण कुमार साहू ने चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी और स्टाल का प्रशंसा किए। इस अवसर पर हरिप्रसाद शर्मा, सीबी बंजारे, विनोद कतलम, तुकाराम नागवंशी, योगेश शर्मा, शशिकला साहू, रुखामणि साहू सहित गणमान्य लोग और स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पीला लाल देशमुख और आभार प्रदर्शन अरुण ठाकुर ने किया।



## स्वामी का प्रवचनब्रज गोपिका सेवा मिशन की प्रवचन श्रृंखला में स्वामी ने बताया-सच्चे संत की पहचान क्या है

# संतों के हर कार्य का लक्ष्य केवल जीवों के कल्याण की है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 10वे दिन स्वामी ने कहा महापुरुष या संत जो भी कार्य करते हैं, वह केवल जीव कल्याण के लिए होता है। भले ही उनके कार्य देखने में टेढ़े–मेढ़े लगें, लेकिन वे केवल जीव कल्याण के लिए ही होते हैं। जगत के कल्याण के लिए एक संत दूसरे संत से अज्ञानता का प्रश्न करता है।

संत कभी–कभी अज्ञानी की भूमिका निभाकर प्रश्न करते हैं और फिर ज्ञानी बनकर उत्तर देते हैं। इस प्रकार, प्रश्नोत्तरी से एक ग्रंथ का निर्माण होता है, भगवान सृष्टि करने का अधिकार संतों को नहीं देते हैं। सृष्टि निर्माण का कार्य केवल भगवान स्वयं करते हैं। योगमाया भगवान की अनंत शक्तियों में से एक शक्ति है। इसका अर्थ है योग माया। यह शक्ति असंभव को संभव करने की क्षमता रखती है। संत जो भी कार्य करते हैं, वे योगमाया की शक्ति से संपन्न होते हैं। इसलिए वे कार्य उनके लिए बंधनकारी नहीं होते, क्योंकि वे केवल अभिनय करते हैं। लेकिन हम मायाधीन हैं। यदि हम संतों के कार्यों की नकल करेंगे, तो वह हमारे लिए अत्यंत खतरनाक हो सकता है। पाखंडियों को देखकर यह न सोचें कि वे योगमाया के प्रभाव से कार्य कर रहे हैं। वास्तविक संत को पहचानने के लिए शास्त्रों में अनेक सावधानियाँ बताई गई हैं। तीन प्रकार की सिद्धियाँ होती हैं तामसिक, राजसिक और सात्विक। संतों के पास सभी प्रकार की दिव्य शक्तियाँ होती हैं, जो उन्हें भगवत्प्राप्ति के बाद प्राप्त होती हैं। लेकिन वे इन चमत्कारों का प्रदर्शन नहीं करते। वास्तविक महापुरुष न आशीर्वाद देते हैं, न अभिशाप। दीक्षा नहीं देते जब तक कि साधक पूरी तरह पात्र न बन जाए। दीक्षा का अर्थ है दिव्य शक्ति का प्रदान किया जाना। जब साधक का अंतःकरण पूर्णतः शुद्ध हो जाता है, तब संत उसे दीक्षा प्रदान कर भगवत्प्राप्ति करा देते हैं। वे शिष्य परंपरा नहीं बनाते। भगवत्प्राप्ति के बाद ही संत साधक को शिष्य के रूप में स्वीकार करते हैं, इससे पहले नहीं। बाह्य वेशभूषा से वास्तविक महापुरुष को नहीं पहचाना जा सकता। सच्चा संत वही होता है, जिसकी आत्मा महान हो, न कि केवल शरीर या वस्त्र। संत को कृष्ण प्रेम में रंगा हुआ होना चाहिए। वास्तविक संत की वाणी अलौकिक होती है। साधारण व्यक्ति की बातें हृदय को नहीं छूतीं, लेकिन भगवत प्राप्त संत की बात हृदय को छू लेती है । हमारा शंका का समाधान करके निभ्रांत कर देंगे। दूसरा लक्षण में 3 प्रमाण है। प्रत्यक्ष प्रमान, शब्द प्रमान अनुमान प्रमान और चौथा अनुभव प्रमान। जब आप किसी वास्तविक संत का संग करेंगे, आप उनमें एक बहुमूल्य वस्तु पायेंगे। वास्तविक भगवत प्राप्त संत जो होगा उसी में ये बहुमूल्य निधि होगी। उसी बहुमूल्य निधि का नाम है ईश्वरीय प्रेम। ईश्वरीय प्रेम एक दिव्य वस्तु है, ये ऐसे नहीं मिलती। ये शरणागति करने पर गुरु कृपा द्वारा ये प्रेम प्राप्त होता है।

**खबर संक्षेप**



### आनंदपुर स्कूल के प्रधान पाठक प्रताप को दी गई विदाई

**गुरूर।** प्राथमिक शाला आनंदपुर मे विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान पाठक प्रताप साहू को विदाई दी गई। जिसमें अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरू सुनीता संजय साहू, सरपंच तेजराम साहू, अध्यक्ष स्कूल समिति संतोश ताम्रकर, सत्येन्द्र यादव, जगदीश, चन्द्रप्रभा साहू, दुर्गा एवं पंचगण उपस्थित थे।

### धर्म-अनुष्ठान, और सूत्र वाचन के साथ मनाया गया संयम दिवस

**डौंडीलोहारा।** तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी के मार्गशीर्ष कृष्ण दशमी के पावन अवसर पर नगर स्थित ओसवाल भवन में जैन आचार्य भगवान श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या पर्याय ज्येष्ठा महासती विवेकशीला श्रीजी, शासन दीपिका सुयशप्रज्ञा श्रीजी, सेवाभावी महासती दीपिका श्रीजी व दीक्षिता श्रीजी मसा के सानिध्य में संयम दिवस का सामूहिक धार्मिक कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 7 बजे से आयोजित किया गया। महासती वृंद के मार्गदर्शन में नवकार महामंत्र जाप, संयम दिवस विषयक सामूहिक भजन, 'हे प्रभु मेरी पुकार' व 'हम संयम दिवस मनाएं' का संगान हुआ। श्रीमद आचारांग सूत्र के द्वितीय स्कंध के पंद्रहवें अध्ययन से दीक्षा से केवलज्ञान प्राप्ति तक का वाचन किया गया। धर्मसभा में वीर माता–पिता का परिचय व उनकी अनुमोदना के लिए भजन भी प्रस्तुत हुए। एक वर्ष तक तीन मनोरथ चिंतन के सामूहिक प्रत्याख्यान करवाए गए। महासती सुयशप्रज्ञा श्रीजी मसा ने कहा कि आचार्य श्रीरामलालजी मसा ने जैन समाज को एक मंच पर लाने हेतु भगवान महावीर स्वामीजी के दीक्षा कल्याणक पर संयम दिवस मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दीक्षा की अनुमोदना और संयम मार्ग का चिंतन आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों के जैन संघ उपस्थित रहे। अनंत भंसाली ने दीक्षा गीत व समता महिला मंडल ने भजन प्रस्तुत किए। संघ के दिनेश व सौरभ डोसी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा

**धान खरीदी : जिले में समर्थन मूल्य पर पहले दिन 9,655 क्विंटल धान की खरीदी**

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शानदार शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में पहले दिन 15 नवंबर को धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया ने बताया कि पहले दिन आज जिले के 59 सहकारी समितियों में कुल 15 हजार 500 किसानों के धान खरीदी हेतु टोकन काटा गया था। जिसमें से आज जिले के 39 उपार्जन केन्द्रों में 237 किसानों की कुल 09 हजार 655 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

राठिया ने बताया कि धान खरीदी के पहले दिन आज धान बिक्री हेतु जिन किसानों का टोकन काटा गया था वे सुबह से ही धान खरीदी केन्द्रों में पहुँच गए थे। किसानों के धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचने के पश्चात उपार्जन केन्द्रों के अधिकारी– कर्मचारियों के द्वारा उन्हें फूलमाला एवं गमछा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात निर्धारित क्रम अनुसार उनके धान का नाप–तौल कर धान खरीदी की कार्यवाही की गई।

जिन किसानों का धान खरीदी हेतु आज टोकन कटा था वे पहले दिन ही अपने धान की बिक्री होने पर बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु पहुंचने वाले किसानों की सुविधा को दृष्टि में रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक इत्यादि के अलावा शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।







## मेड़की सहकारी समिति में धान खरीदी की शुरुआत

**बालोद।** ग्राम मेड़की के सेवा सहकारी समिति मेड़की में राज्य सरकार के मार्गदर्शन में धान खरीदी की शुरुआत की गई। जिसमें मेंड़की खरीदी केंद्र में बघमरा निवासी सुखदई बाई का 18 क्विंटल 40 किलो धान खरीद कर धान खरीदी की शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्राधिकृत अधिकारी गुणवंत लाल श्रीवास्तव, सरपंच मंजूलता परस साहू, पंच रोशनी साहू, किसान जगदीश साहू, तेजराम साहू, ग्राम पटेल होरीलाल साहू, छबील साहू, घणाराम निषाद, पंच संतोष साहू, नारायण साहू, भोजराम साहू, रेखा ठाकुर, कृष्णा पटेल व ग्रामीण उपस्थित थे। सरपंच मंजूलता परस साहू ने सुखदई भाई निषाद का नारियल और श्रीफल पुष्प गुच्छ से सम्मान किया और उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में 21 क्विंटल धान एवं 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी का वादा पूरा करते हुए 15 नवंबर को पूरा प्रदेश भर में धान खरीदी की शुरूआत किया है। धान खरीदी का प्रभारी के रूप में मनोज कुमार नेताम एवं ओरम पंचायत के सचिव संतोष साहू की उपस्थिति में धान खरीदी संपन्न हुआ। प्राधिकृत अधिकारी गुणवंत लाल श्रीवास्तव ने कहा बालोद जिला के ऐसे धान खरीदी केंद्र मेड़की है जहां पर खरीफ फसल के लिए किसी प्रकार की खाद की किल्लत नहीं हुआ, राज्य में सुशासन के रहते किसान हितैषी सरकार ने सभी किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए खाद बीज उपलब्ध कराया और मोदी की गारंटी पूरा करते हुए 15 नवंबर को हमारे केंद्र में धान खरीदी प्रारंभ हुई।



### मिरिटोला में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी की शुरुआत

गुरूर। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मिरिटोला (पुरूर) में धान खरीदी 2025– 26 धान खरीदी का कार्यक्रम पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ किया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष गुरूर सुनीता संजय साहू, प्राधिकृत अध्यक्ष द्वारिका सिन्हा, भाजपा मंडल महामंत्री पुरूर राकेश सिन्हा, सरपंच पुरूर हीरामणि केजुराम, सरपंच आंदपुर तेजराम साहू, मिथलेश साहू, पूर्व सरपंच संजय साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष कुंवर सिंह नागवंशी, कीर्तन साहू, जी समिति प्रबंधक एस सर्वा, महेश साहू, बिगेश्वर सिन्हा, रामस्वरूप, ललित माला, तुलसी साहू, मोहन साहू व क्षेत्र के किसान उपस्तिस्थ थे।

## रजत जयंती महोत्सव में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष में पांच दिवसीय

- एलुमनाई मीट और आनंद मेला बने महोत्सव का मुख्य आकर्षण, पूर्व छात्रों ने साझा की यादें

रजत जयंती महोत्सव का आयोजन दिनांक 10 नवंबर से 14 नवंबर तक किया गया। जिसमें अलग-अलग दिवसों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, प्रथम दिवस छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य लोकगीत तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम को मनमोहक रूप से प्रस्तुत किया गया, द्वितीय दिवस तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा चलित तथा डेमो मॉडल बनाया गया, तृतीय दिवस छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण, गीत एवं निबंध लेखन कार्यक्रम रखा गया, चतुर्थ दिवस मोर हरियर छत्तीसगढ़ तथा कौशल से समृद्धि विषय पर आधारित रंगोली, पोस्टर एवं चित्रकला का भी आयोजन हुआ अंतिम एवं समापन दिवस संस्था के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों का एलुमनाई मीट तथा आनंद मेंला का आयोजन किया गया, समापन दिवस के कार्यक्रम के लिए संस्था के एलुमनाई राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य मुख्य अतिथि एवं गोविंद चंद्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार कुर्रे प्राचार्य तथा प्रतिवेदन ज्ञानिक राम ठाकुर द्वारा दिया गया, समापन कार्यक्रम में संस्था के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने सबसे पहले प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों, चित्रकारी,पोस्टर तथा मॉडल का अवलोकन किया तत्पश्चात मां सरस्वती के तैलचित्र में द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, उन्होंने अपने उद्बोधन में संस्था में सन 1995 में प्रशिक्षणार्थी के रूप में बिताए पलों को याद किये तथा तब से अभी तक के विभिन्न बदलाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किये। साथ ही साथ क्षेत्र में हो रहे बदलाव एवं विकास कार्यों के बारे में बतलाया जो कि उनकी दूरदर्शी सेवा एवं विकास केंद्रित कार्यशैली प्रतीक है। साथ ही साथ उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा आनंद मेला में बनाए गए। विभिन्न पारंपरिक पकवानों, व्यंजनों का भी लुफ्त उठाया।





## यादव समाज के सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

**बालोद।** यादव ठेठवार समाज महासभा छत्तीसगढ़ के प्रांतीय कार्यालय राजिम में नवनिर्मित सामुदायिक भवन एवं शेड का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ। जिसमें जिले के भी पदाधिकारी, सदस्य सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिव डहरिया एवं पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ला रहेंगे। विधायक खल्लारी द्वारकाधीश यादव विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष ठेठवार यादव समाज छत्तीसगढ गुलेन्द्र यादव करेंगे। बालोद जिला संगठन एवं बालोद राज, ठेठवार समाज के प्रमुख पदाधिकारीगण राजिम में उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसमें प्रमुख रूप से मोहनलाल यादव, छगनलाल यादव, नंदकिशोर यादव, चाणक्य यादव, जीवन यादव, पवन यादव, देवेंद्र यादव, बलदेव यादव, हरिश्चंद्र यादव, ताम्रध्वज यादव, केशव यादव, एलेन्द्र यादव, हेमंत यादव, जयप्रकाश यादव एवं रूद्रेश यादव रहेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय को नीतियों और जनता के विश्वास की जीत बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बिहार चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय एवं जिला मुख्यालय में उत्साहपूर्वक विजय उत्सव मनाया गया। जिला कार्यालय तथा शहर के जय स्तंभ चौक पर आतिशबाजी की गई तथा पाटएँ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी गई।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञ दत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, महामंत्री द्वय राकेश 'छोटू' यादव, सौरभ लूनिया, अभिषेक शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, तोरण साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, ठाकुर रामचंद्राकार, प्रेम साहू, पवन सोनबरसा, टिनेश्वर बघेल, निशा योगी, सोमेश शोरी, मनीष झा, अश्विनी यादव, शिव धरम गुडे, कार्यालय मंत्री विनोद जैन, मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, जिले के सभी मंडल अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### एनडीए की जीत पर पलारी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया हर्षोत्सव





**गुरूर।** भारत में हुए बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में नगर पंचायत पलारी में आतिशबाजी एवं हर्ष के साथ जश्न मनाया गया। जिसमे भारतीय जनता पार्टी पलारी के संयोजक नंदकुमार साहू, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष गंगबेर, आशा जयमाला, बूथ प्रभारी रूपराम साहू, हेमलाल साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष त्रिभुवन सोनबेर, चंपेश गुरूपंच, नवीन चंडक, भोला वाईका, ज्ञानप्रकाश साहू, देवकरण निषाद, राकेश साहू, राजेश सोनबेर, छगन सोनगुर्द, पतिराम साहू, वेदप्रकाश साहू, उदराज साहू, दयाराम यादव, हेमंत साहू, धनेंद्र साहू, सेवा राम साहू एवं समस्त भाजपा कार्यकत्रागण उपस्थित थे।

## उत्तर व मध्य हिस्से से आ रही सर्द हवाएं, ट्विनसिटी में अगले तीन दिनों तक शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित ट्विनसिटी में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। प्रदेश के उत्तर और मध्य हिस्सों में सर्द हवाएं लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक शीतलहर की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है। हालांकि राज्य के अन्य जिलों में तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन उसके बाद हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। शनिवार की अलसुबह तेज नम हवाएं चली। सूरज निकलने के बाद भी यह स्थिति बनी रही। पूरे दिन लोग ठंड का एहसास करते रहे। शाम को स्थिति और विकट हो गई। ठंडी तेज हो गई। लोग बिना गर्म कपड़े के अपने घरों से निकल नहीं पा रहे हैं।

घना कोहरा और ओंस की बूंदे अलसुबह देखा जाने लगा है। इस मौसम में इसलिए हालात मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान आसमान प्रायः साफ रहता है और दिन हल्के ठंडे होते हैं। हवा भी सामान्यतः धीमी चलती है। यदि इस महीने बारिश होती है तो वह मुख्यतः बंगाल की खाड़ी या अरब सागर में बने चक्रवात या निम्न दबाव वाले क्षेत्रों के कारण होती है। आमतौर पर नवंबर में तूफान और ओलावृष्टि की घटनाएं बहुत कम होती हैं। कुल मिलाकर, प्रदेश में इस बार नवंबर की शुरुआत से ही ठंड ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने नागरिकों से सावधानी बरतने, गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

**तिरुपति पंचगव्य महासम्मेलन में बालोद जिले का परचम लहराया**

## डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत और उनकी बेटियों को तिरुपति में मिला विशेष सम्मान

**बालोद।** द्वितीय दिवस के आध्यात्मिक सत्र में कुलपति डॉ. निरंजन वर्मा द्वारा डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत और डॉ. टेमीन साहू को ऑल इंडिया पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन की सदस्यता दी गई। काल भैरव अष्टमी के अवसर पर अमर बलिदानी राजीव भाई दीक्षित की स्मृति में तिरुपति में आयोजित 13वें पंचगव्य चिकित्सा महासम्मेलन में बालोद जिले ने प्रथम व द्वितीय दिवस पर विशेष पहचान बनाई। तिरुमला तिरुपति बालाजी के पवित्र परिसर स्थित महती ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बालोद के प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ, समाजसेवी एवं गोपुत्र पंचगव्य डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत तथा उनकी दो पालित बेटियों को आरएमपी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सम्मान पाते ही पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।इस महत्वपूर्ण सम्मान को आचार्य हेमंत सेठे, विशिष्ट अतिथि कुमार राकेश, पंचगव्य नैनो पार्टिकल वैज्ञानिक डॉ. वी. व्यंकट रेड्डी और डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। डॉ. राजपूत के मार्गदर्शन में बालोद जिले से कुल 40 गव्यसिद्ध और गौ-भक्त इस महासम्मेलन में शामिल हुए, जिससे जिले की सामूहिक उपस्थिति और योगदान विशेष रूप से सराहा गया। उल्लेखनीय है कि सम्मानित होने वाली दोनों बेटियाँ, समाजसेवी एवं प्रखर वक्ता डॉ. राजपूत की गोद पुत्रियाँ हैं। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार, सचिव डॉ. राजभान कुशवाहा सहित जिले के कई गव्यसिद्धों ने बधाई दी।



**पीपरछेड़ी स्कूल में बच्चों ने दिखाया खेल कौशल**

# बाल दिवस पर दो दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं बच्चों को छठवीं से 12वीं नेवता दिया गया।

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आरंभ प्राचार्य एमएल सार्वा के द्वारा गोला फेंक कर किया गया।

इसके अंतर्गत खेल के विभिन्न विधा यथा सुई धागा, गोली चम्मच, सुरीली कुर्सी, स्लो साइकिल, फुगड़ी, गोला फेक, तवा फेक व मेट पर बालक बालिका दोनों वर्गों का कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। पूरा दो दिवस विद्यालय खेलमय रहा। खेल में बच्चों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाये और खेल का पूरा आनंद लिए। दोपहर में सभी बच्चे एक साथ बैठकर मीठा एवं स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिये। भोजन व्यवस्था सभी शिक्षकों के द्वारा आयोजित किया गया था, जो बच्चों के लिए एक अलग उत्साह था। विद्यालय में जब से टीन शेड निर्मित हुआ है तब से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन बढ़ गया है। समस्त गतिविधियां एवं आयोजन प्रभारी प्राचार्य मनहरण लाल सार्वा के नेतृत्व में हो रहा है। शिक्षा का स्तर भी विद्यालय का बढ़ रहा है। तिमाही परीक्षा परिणाम अन्य वर्षो के अपेक्षा इस वर्ष अपेक्षित एवं अच्छा रहा। विद्यालय अब नये सोपान गढ़ने के लिए तैयार हो रहा है। प्राचार्य के मार्गदर्शन में शिक्षकों द्वारा एकजुट होकर समस्त गतिविधियों को संपादित किया जा रहा है, जिसके लिए प्राचार्य के द्वारा सबको धन्यवाद प्रेषित किया एवं आगे भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा किया गया। प्राचार्य के द्वारा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का भी आभार प्रदर्शन किया गया जिनका प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष विद्यालय में योगदान रहता है।





तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411